# प्रभु प्रेम बनाए रखना, चरणों से लगाए रखना

प्रभु प्रेम बनाए रखना, चरणों से लगाए रखना
एक आश तुम्हारी है, विशवाश तुम्हारा है
तेरा ही भरोसा है, तेरा ही सहारा है
प्रभु प्रेम बनाए...

अरे आजा, आजा, सांवरे आ भी जा

निर्बल के बल हो हारे के साथी, हर दीपक में तेरी ही बाती
तेरा उज्ज़ियारा है, रोशन जग सारा है
तुमसे ही चमक रहा, हर चाँद सितारा है
प्रभु प्रेम बनाए...

प्रेम का भूखा सारा जहां है, तुझ बिन साँचा प्रेम कहाँ है
तूं प्रेम का ठाकुर है, तूं प्रेम पुजारी है
इससे सबको लूटा रहा,तेरी दातारी है
प्रभु प्रेम बनाए...

चरण शरण में हमको निभाना, सर्वस्व अपना तुमको ही माना
शक्ति का दाता तूं, भक्ति का दाता तूं
BINNU इतना जाने मेरा भाग्य विधाता तूं
प्रभु प्रेम बनाए...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34303/title/prabhu-prem-banaye-rakhana---by-pawan-haritwal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |